**वेज स्टैंडर्ड के युक्ति संगत बनाने के बारे में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों में असन्तोष**

3451. **श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्मचारियों में बढ़ते हुए असंतोष को देखते हुए केन्द्रीय सरकार ने उनके वेज स्टैंडर्ड को युक्तिसंगत बनाने की वांछनीयता पर विचार किया है जिससे सभी कर्मचारियों को चाहे वे बैंकों मे हों, अथवा राज्य शासन सेवा में हों अथवा सरकारी उपक्रमों मे हों, समान कार्य के लिए समान वेतन मिले; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे मे अन्तिम निर्णय कब तक कर लिया जाएगा ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) और (ख). तीसरा वेतन आयोग इस समय केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो की परिलब्धियो को वर्तमान रचना की समीक्षा करने मे लगा है और सम्भवत. वह अपनी सिफारिशों को अन्तिम रूप देने के लिए सभी संगत तत्वो को ध्यान मे रखेगा । बैंको के और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमो के कर्मचारियों की वेतन रचना उनकी सेवा शर्तों, वेतन बोर्डों के विभिन्न पचाटों तथा कर्मचारियों और मालिकों के बीच द्विपक्षीय समझौतों जैसे भिन्न-भिन्न तत्वों पर आधारित रहती है । जहां तक राज्य सरकार के कर्मचारियों का सबंध है, उनकी परिलब्धियों का स्तर और सेवा शर्तें सम्बन्धित राज्य सरकारों का विषय है ।

**मध्य प्रदेश के बुरहानपुर नगर के कुटीर उद्योगों को राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण दिया जाना**

3452. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा मध्य प्रदेश के बुरहानपुर नगर के कुटीर उद्योगों को कम ब्याज पर गत तीन वर्षों में ऋण दिया गया; और

(ख) यदि हां, तो कितना ऋण दिया गया और ब्याज की दर क्या है ?

**वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी)** : सम्भव सीमा तक सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

**मध्यप्रदेश में सहकारी समितियां**

3453 **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में स्टेट बैंक आफ इण्डिया के अधीन कितनी सहकारी समितियां कार्य कर रही हैं; और

(ख) इन समितियों को गत वर्ष कुल कितनी राशि का ऋण दिया गया ?

**वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी)** : (क) और (ख). मध्य प्रदेश में स्टेट बैंक आफ इण्डिया ने खरीफ-71 और मार्च, 1972 के अन्त तक, रबी 1971-72 के दौरान 81 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के लिए 24.78 लाख रुपये तक की वित्त व्यवस्था की ।

**मध्यप्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिए गए ऋण**

3454. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत एक वर्ष में मध्य प्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंको ने कितना ऋण दिया; और

(ख) उद्योग, परिवहन तथा कृषि कार्यों के लिए, श्रेणीवार कितना ऋण दिया गया ?

**वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी)** : (क) 31 मार्च, 1972 को मध्य